## एक नजर में



### आक्सफोर्ड स्कूल विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुति

**सीहोर.** गणतंत्र दिवस पर संस्था में एड. जॉली कुरियन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया. ब्रास बैण्ड दल द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई. विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति नृत्य, गीत, कविता व विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान, अधिकारों एवं कर्तव्यों की याद दिलाता है. विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां उनके अनुशासन, प्रतिभा और देशप्रेम को दर्शाती हैं, जो राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं. वहीं प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है. पुलिस परेड मैदान में आयोजित समारोह में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया.



### गणतंत्र दिवस समारोह में राजपूत हुए सम्मानित

**रेहटी.** गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय में आयोजित समारोह के दौरान विकासखंड के शिक्षक प्रशांत सिंह राजपूत को उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों के लिए कलेक्टर द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस मौके पर क्षेत्रवासियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने राजपूत को इस उपलब्धि के बधाई एवं शुभकामनाएं दी.



### डोबी में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**डोबी.** क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य, मंडल अध्यक्ष पवन चौहान, सरपंच कल्याण सिंह पटेल, जनपद सदस्य थान सिंह चौहान, मोतीराम चौहान, बृजेंद्र जोशी द्वारा झंडावंदन किया गया. इस इस अवसर पर राष्ट्रगान का आयोजन किया गया. इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी.



### सांस्कृतिक कार्यक्रम पश्चात विद्यार्थियों को वितरित की मिठाई

**इछावर.** स्थानीय दि आक्सफोर्ड हाईस्कूल मे गणतंत्र दिवस पर रिटायर्ड शिक्षक कमलेश मुदगल ने ध्वजारोहण किया. वरिष्ठ शिक्षक विनीत शर्मा ने कहा कि विश्व में भारत का संविधान सबसे बड़ा लिखित संविधान है मुख्य अतिथि मुदगल ने 1100 रुपए मिठाई हेतु प्रदान किए. बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, गायन,कविता, फैंसी आदि प्रस्तुति दी.

### गणतंत्र दिवस समारोह में डॉ रुपाली हुई सम्मानित

**सीहोर.** गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में अंतराष्ट्रीय कथक नृत्य कलाकार एवं नृत्यगुरु डॉ रुपाली नवीन सोनी डायरेक्टर सरस्वती कथक डांस कला केन्द्र को कला संस्कृति एवं शास्त्रीय एवं फोक नृत्य के क्षेत्र में विगत 10 वर्षो से अमुल्य योगदान देने एवं नगर को प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कलेक्टर, एसपी, सीईओ विधायक, जिलाध्यक्ष एवं अतिथियों द्वारा शील्ड सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया. इससे पहले भी डॉ रुपाली अनेक राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय मंचों से कई अवार्ड, शील्ड, सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुकी हैं. डॉ रुपाली विगत कई वर्षों से हमारी संस्कृति हमारी विरासत के मंत्र को लेकर नगर, जिला, प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय मंच पर शास्त्रीय एवं फोक नृत्य के माध्यम से कभी कृष्ण लीला, राम लीला, विष्णु लीला, प्रादेशिक संस्कृति, सामाजिक समरसता, पंच परिवर्तन के कई विषयो पर 4 से 16 वर्ष तक के बच्चों की पौध तैयार कर चुकी हैं.

# पीएम आवास वेरीफिकेशन में सचिव का भ्रष्टाचार आया सामने

## गौरीहार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत उदयपुर के ग्राम बेरी में सचिव की बड़ी लापरवाही सामने आई है

**गौरीहार, 28 जनवरी. प्रशासनिक अधिकारियों का सखूत आदेश था कि कोई भी सचिव पीएम आवास फॉर्म वेरीफिकेशन के लिए राशि की वसूली नहीं करेगा, लेकिन यहां तो सीधे खुलेआम उन आदेशों की धज्जियां उड़ाई गई हैं खुलेआम आम गरीब लोगों से 500 ,700 रुपए की वसूली की गई है.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आवास के लिए सीधे हितग्राही के खाते में पैसे डालने की बात कही गई थी जो कि सीधे आता भी है, लेकिन सचिव सरपंचों के द्वारा भ्रष्टाचार का रास्ता अलग से बना लिया जाता है, हितग्राही से ही आवास देने के लिए बोल कर किसी से 2000 , तो किसी से 10000 रुपए की राशि आहरण की जाती है,



> **इनका कहना है कि**
> आपके द्वारा जानकारी दी गई है हम सीईओ से बात करते है और जांच करवाते है.
> **बलबीर रमन**
> एसडीएम गौरीहार

इस तरह का एक बार पहले मामला आया था जिस पर जिला सीईओ ने कार्यवाही की थी लेकिन वे धड़क ग्रामीणों से पैसे वसूले गए है.

ग्रामीण नत्थू विश्वकर्मा , रानी अहिरवार, रामकृपाल अहिरवार, उमा कुमारी अहिरवार तथा तमाम ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे ग्राम बेरी में आवास फॉर्म वेरीफिकेशन के लिए पैसे की वसूली की है, किसी से 500 तो किसी से 700 रुपए लिए गए है, ग्रामीणों ने एक बात का और खुलासा किया है कि अगर पैसे नहीं दे रहे थे तो सचिव बोल रहे थे कि आवास कट जाएगा फॉर्म में लगना है, ऊपर अधिकारियों को देना पड़ता है, जो नहीं देगा उसका हम आवास काट देंगे ,इस तरह की धमकी सचिव द्वारा दी गई थी ,और बोल रह थे कि किसी बताना नहीं ,अगर बताओगे शिकायत करोगे तो पैसे नहीं आयेंगे, जिस वजह से हम लोग डर गए थे और सभी से पैसे ले गए थे , जब फॉर्म भरे गए थे तभी भी यहां के सचिव ने पैसे लिए थे किसी से 5000 किसी से 10000 हजार रुपए वसूली की थी, हमे जानकारी नहीं थी कि लगने नहीं है जिस वजह से दे दिए थे, ग्रामीण बोले कि ऐसे सचिव पर तत्कालीन कार्यवाही होनी चाहिए, आवास काटने का धौंस दिखाकर पैसे लूटने का कार्य किया है. इस मामले में जनपद सीईओ दीपा कोटिस्ताने से बात की गई उनका कहना है कि कोई हमे लिखित में शिकायत करे तभी हम जांच करेंगे.



# जलन में युवक पर चोरी का आरोप

- परिवार ने एसपी कार्यालय में की निष्पक्ष जांच की मांग

**छतरपुर,28 जनवरी. जिले के नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलहरी में चोरी के एक मामले को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि युवक को निजी रंजिश और जलन के चलते झूठे तरीके से चोरी के केस में फंसाया जा रहा है.**

ग्राम बिलहरी निवासी संगीता यादव अपने परिजनों के साथ बुधवार 28 जनवरी को दोपहर करीब 1:30 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं. उन्होंने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि उनके बेटे राजकमल यादव को प्रमोद कुमार तिवारी नामक व्यक्ति ने निजी रंजिश और जलन की भावना से चोरी के मामले में झूठा फंसाया है. संगीता यादव का कहना है कि राजकमल का चोरी से कोई संबंध नहीं है, फिर भी उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है. परिवार का कहना है कि आरोपों के कारण उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है और पुलिस कार्रवाई के डर से वे तनाव में हैं. उन्होंने बताया कि पहले उन्होंने संबंधित थाना में शिकायत की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, इसलिए उन्हें एसपी कार्यालय तक आना पड़ा.

परिवार ने निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है, ताकि निर्दोष युवक को झूठे आरोपों से राहत मिल सके. एसपी कार्यालय में आवेदन लेने के बाद अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच का आश्वासन दिया है.

### मारपीट के आरोपी को आजीवन कारावास

**सीहोर.** एक महिला के घर में घुसकर जातिसूचक गालियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी प्रदीप चौरसिया को विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है. मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नारायण सिंह मेवाड़ा ने की. अभियोजन के अनुसार प्रदीप चौरसिया पिता छोटेलाल चौरसिया के खिलाफ पीड़िता शिखापाल ठाकुर ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी.

# पंचायत सचिव पर घोटाला करने का आरोप

**बड़ामलहरा,28 जनवरी. जनपद पंचायत बड़ामलहरा के ग्राम पंचायत रानीताल में पंचायत सचिव इन्द्रपाल सिंह पर बूंदी बंटवाने के नाम पर 65,000 रुपये का घोटाला करने का आरोप लगा है.**



ग्रामीणों की शिकायत पर जांच में पाया गया कि राशि का भुगतान अवैध और फर्जी बिल बनाकर किया गया था. अक्टूबर माह में बूंदी वितरण का दावा किया गया, जबकि उस समय किसी राष्ट्रीय पर्व का आयोजन भी नहीं था. जांच में भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा सत्य पाए जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छतरपुर ने सचिव इन्द्रपाल सिंह को निलंबित कर दिया. इससे पहले जनपद पंचायत सीईओ ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसका संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया. इसके बाद 21 जनवरी 2026 के आदेश के तहत मध्य प्रदेश पंचायत सेवा 1999 के नियम 4(1)(क) के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया गया.

# नौगांव तहसील परिसर से जमानत के दौरान आरोपी फरार

**पुलिस की पकड़ से बाहर**

**छतरपुर,28 जनवरी. जिले के नौगांव तहसील परिसर में बीती शाम जमानत की प्रक्रिया के दौरान एक आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया. यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 170 के तहत जमानत से जुड़ा है.**

जानकारी के अनुसार, अलीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम टीला में हुए आपसी विवाद के मामले में पुलिस ने करन पाल, शिवपाल यादव और बृजेंद्र यादव को गिरफ्तार किया था. तीनों आरोपियों को जमानत के लिए नौगांव तहसीलदार रमेश कौल की अदालत में पेश किया गया था.




जमानत की कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों के दस्तावेज पूरे हो चुके थे. इसी बीच तीसरा आरोपी लघुशंका के बहाने पुलिस हिरासत से बाहर गया. उसी समय नौगांव थाना पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी किसी अन्य मामले में भी वांछित है. सूचना मिलते ही पुलिस तहसील परिसर पहुंची.

> पुलिस को देख आरोपी ने मौके का फायदा उठाया और तहसील परिसर के बाईं ओर स्थित छोटे गेट से भाग निकला. अलीपुरा थाना पुलिस ने पीछा किया, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आया. देर रात तक वह पुलिस की पकड़ से बाहर रहा. इस घटना के बाद जमानत नोटशीट और दस्तावेजों को लेकर भी भ्रम की स्थिति बनी. अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और फरार आरोपी की तलाश की जा रही है.

# चोरी का खुलासा, दो अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

## सिविल लाइन पुलिस ने 4 लाख के सोना-चांदी के आभूषण किए बरामद

- चौबे कॉलोनी में अप्रैल 2025 की चोरी का खुलासा
- मंगलसूत्र, अंगूठी, नथ, पायल सहित 4 लाख के जेवर जब्त

**छतरपुर,28 जनवरी. सिविल लाइन थाना क्षेत्र के चौबे कॉलोनी में अप्रैल 2025 में हुई चोरी का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है. एसबीएन कॉलेज के पीछे महेंद्र अरजरिया के मकान से चोरी के मामले में पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों के पास से करीब 4 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं.**




पुलिस के अनुसार, फरियादी की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता के तहत चोरी का मामला दर्ज किया गया था. इसके बाद सिविल लाइन पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर भौतिक और तकनीकी साक्ष्य जुटाए तथा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी एकत्र की. जांच के दौरान महत्वपूर्ण सुराग मिलने पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया.

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगदीश सोनी (नेशनल चौराहा, मौदहा, हमीरपुर) और वीरेंद्र कुमार अनुरागी (ग्राम गहबरा, थाना मौदहा, हमीरपुर, उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है.

> पुलिस ने बताया कि इस चोरी में अन्य दो आरोपी भी शामिल थे, जिनकी तलाश जारी है. पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है. इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले और नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में सिविल लाइन थाना पुलिस और साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही. पुलिस का कहना है कि जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

उनके कब्जे से मंगलसूत्र, अंगूठी, नथ, पायल सहित अन्य सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए हैं.



# हरपालपुर में जेवरात चोरी का मामला गर्माया

- घटना के एक महीने बाद भी चोरों का कोई सुराग नहीं
- सोनी समाज ने एसपी कार्यालय में दिया आवेदन
- 200 ग्राम सोना व 4-5 किलो चांदी से भरा बैग चोरी
- एसपी ने जल्द खुलासा करने का दिया आश्वासन

**छतरपुर,28 जनवरी. जिले के हरपालपुर कस्बे में दिनदहाड़े हुई बड़ी आभूषण चोरी की घटना का अब तक खुलासा नहीं हो सका है. इस मामले को लेकर सोनी समाज में नाराजगी बढ़ती जा रही है. बुधवार 28 जनवरी को सोनी समाज के लोगों ने छतरपुर एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है.**

सोनी समाज के प्रतिनिधि अवधेश कुमार सोनी ने बताया कि यह घटना 23 दिसंबर को हरपालपुर में हुई थी. रामबाबू सोनी की दुकान से चोर सोना-चांदी के आभूषणों से भरा एक बैग चोरी कर ले गए थे. चोरी गए सामान में करीब 200 ग्राम सोना और लगभग साढ़े चार से पांच किलो चांदी के आभूषण शामिल थे. हैरानी की बात यह है कि चोरी की यह वारदात दिनदहाड़े हुई, इसके बावजूद चोरों का आज तक कोई सुराग नहीं लग पाया है.

> पीड़ित परिवार और समाज के लोगों का कहना है कि उन्होंने घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन एक महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी न तो चोरी का खुलासा हुआ और न ही आभूषण बरामद किए जा सके हैं. इससे व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है.

> एसपी कार्यालय में दिए गए आवेदन के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सोनी समाज को आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा और जल्द ही चोरों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी. सोनी समाज ने उम्मीद जताई है कि पुलिस जल्द ही इस चोरी का खुलासा करेगी और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी.

**मौसम का बदला मिजाज** | **रात में 4 मिमी बारिश, सुबह-शाम चली ठंडी हवाओं**

# हल्की बारिश के बाद छतरपुर में बढ़ी ठिठुरन

- न्यूनतम तापमान बढ़कर 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा
- दिन का अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री दर्ज किया गया

**छतरपुर,28 जनवरी. जिले में मंगलवार रात हुई हल्की बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है. देर रात लगभग 4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जिसके बाद सुबह और शाम के समय ठंड में इजाफा महसूस किया गया.**

ठंडी हवाओं के साथ गलन बढ़ने से लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते दिखे.



> बुधवार सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और सुबह 10 बजे तक सूरज के दर्शन नहीं हुए. वातावरण में नमी अधिक रहने से ठंडक बनी रही. आज आर्द्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि दृश्यता घटकर करीब 400 मीटर रह गई. मौसम विभाग ने अचानक हुए इस बदलाव का कारण पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) बताया है. विभाग का कहना है कि बादल छंटने के बाद तापमान में फिर गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड और तेज होगी. मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक गुरुवार को मौसम कुछ हद तक साफ हो सकता है, लेकिन इसके बाद फिर से बादल छाने की संभावना बनी हुई है. फिलहाल ठंड से राहत के आसार कम ही नजर आ रहे हैं. लोगों को अलाव, गर्म कपड़े और ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है.

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार-बुधवार की रात न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि एक दिन पहले यह 10 डिग्री सेल्सियस था. दिन का अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस रहा. हालांकि बुधवार को बादलों की वजह से अधिकतम तापमान गिरकर 22 से 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है.